
हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026

11 हरियाणा की समृद्ध पांडुलिपि विरासत को...


12 नारनौल में जल्द बनेगा 300 बेड का अत्याधुनिक...


## खबर संक्षेप

### एसडीएम योगेश सैनी ने संभाला कार्यभार



**महेंद्रगढ़।** एसडीएम योगेश सैनी आईएएस ने वीरवार को एसडीएम कार्यालय में अपना कार्यभार संभाल लिया है। एसडीएम योगेश सैनी 2023 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इससे पहले वे चरखी दादरी के एसडीएम थे। एसडीएम योगेश सैनी ने कहा कि महेंद्रगढ़ के नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समाधान करना और हरियाणा सरकार की विकास योजनाओं में गति लाना उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की जन हितैषी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना उनका दायित्व है।

### शिविर में 18 नागरिकों ने रखी समस्याएं

**नारनौल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार लगाए जा रहे समाधान शिविरों की कड़ी में वीरवार को 18 नागरिकों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखी। इस अवसर पर सीईओए जिला परिषद निर्मल नागर ने शिकायतें सुनी। शिविर में मुख्य रूप से परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, बिजली, पानी, पुलिस संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई। इस मौके पर नगराधीश डॉ. मंगल सेन, डीएसपी, जिला राजस्व अधिकारी राकेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### घर के बाहर खड़ी बाइक उड़ा ले गए चोर

**कनीना।** कनीना में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। वार्ड नंबर 10 निवासी सुमित कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कनीना मंडी ककराला रोड पर वेद हलवाई के मकान के नीचे उसने अपनी बाइक खड़ी की थी, जो रात्रि के समय करीब 9:30 बजे चोरी हो गई।

### धौलेड़ा वॉलीबॉल नर्सरी में ट्रायल आज

**नांगल चौधरी।** धौलेड़ा वॉलीबॉल नर्सरी में डीवीएस व एएफ के लिए वॉलीबॉल खिलाड़ियों का चयन करने के लिए तीन अप्रैल को ट्रायल्स प्रतियोगिता आयोजित होगी। एक जनवरी 2008 के बाद जन्में युवाओं को ट्रायल्स में शामिल किया जाएगा। प्रतिभागी खिलाड़ी महेंद्रगढ़ जिले का स्थायी निवासी होना अनिवार्य रहेगा। सचिव अंकित कुमार बताया कि ट्रायल्स के माध्यम से चयनित खिलाड़ियों को हरियाणा सरकार की ओर से विशेष प्रोत्साहन दिया जाता है।

## अप्रैल में कुल सात-आठ पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होंगे

# मार्च की तरह अप्रैल में भी मौसम में बड़े उलटफेर देखने को मिलेंगे, चलेगी आंधी, बारिश भी करेगी किसानों को परेशान

- पहला दो-तीन अप्रैल दूसरा सात-आठ अप्रैल को उसके बाद 11-12 अप्रैल से उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर बर्फबारी
- मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में बार-बार मौसम में बदलाव देखने को मिलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मार्च महीने में मौसम में उलटफेर देखने को मिला। पहले पखवाड़े में किसी भी सक्रिय मौसम प्रणाली का असर नहीं होने से उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र बर्फबारी को तरस गए। वहीं मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में बारिश नदारद रहीं। जिसकी वजह से मौसम आमतौर पर शुष्क और तापमान में रिकॉर्ड तोड़ बढ़ोत्तरी के साथ दिन व रात के तापमान सामान्य से अधिक बने रहे, जबकि दूसरे पखवाड़े में एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से सम्पूर्ण इलाके में बार बार मौसम में बदलाव तेज गति की हवाओं के साथ हल्की बारिश बूंदाबांदी और ओलावृष्टि की गतिविधियों ने मौसम के मिजाज को बदल दिया। अप्रैल महीने में भी मौसम में बड़े उलटफेर देखने को मिलेंगे।

अप्रैल महीने कुल सात-आठ पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होंगे। पहले पखवाड़े में लगातार एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से पहला दो-तीन अप्रैल, दूसरा सात-आठ अप्रैल को उसके बाद 11-12 अप्रैल से उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर बर्फबारी और मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में बार-बार मौसम में बदलाव देखने को मिलेंगे। इन पश्चिमी मौसम प्रणाली से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में तेज़ गति की हवाओं, आंधी, अंधड़ चलने की गतिविधियों के साथ हल्की बारिश बूंदाबांदी की गतिविधियां देखने को मिलेगी। जिसकी वजह से सम्पूर्ण इलाके में दिन और रात के तापमान सामान्य और सामान्य से नीचे बने रहेंगे। जबकि दूसरे पखवाड़े में एक-दो पश्चिमी मौसम प्रणालीयां कमजोर पड़ती नजर आ रही है और इस दौरान गुजरात और राजस्थान पर एक प्रति चक्रवातीय परिसंचरण तंत्र विकसित होने की वजह से सम्पूर्ण मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी और दुसरे पखवाड़े की शुरुआत में एक दो दिनों के दौरान तापमान में बढ़ोतरी की सम्भावना बन रही है। परन्तु तीसरे सप्ताह में प्रति चक्रवातीय परिसंचरण तंत्र कमजोर पड़ने लगेगा।

### दिन व रात के तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा

पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अप्रैल माह के अन्तिम 10 दिनों के दौरान एक बार फिर से मौसम में बदलाव तेज गति की हवाओं, आंधी, अंधड़ और हल्की बारिश बूंदाबांदी यानी प्री मानसून की गतिविधियों की सम्भावना बन रही है। कुल मिलाकर अप्रैल माह में मौसम का मिजाज में बार-बार बदलाव देखने को मिलेगा। अप्रैल महीने में सामान्य से अधिक बारिश के साथ दिन और रात के तापमान में बार-बार उतार चढ़ाव देखने को मिलेगा। कुल मिलाकर अप्रैल माह में दिन और रात के तापमान सामान्य और सामान्य से नीचे बने रहेंगे।

### क्या कहते है एक्सपर्ट

*आज रात यह मौसम प्रणाली आगे निकल जाएगी। उत्तरी हवाओं से सम्पूर्ण इलाके में दिन और रात के तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिलेगी। बुधवार को भी हरियाणा एनसीआर दिल्ली में आमतौर पर मौसम परिवर्तन शील बना रहा। सुबह से बादलों की आवाजाही देखने को मिलीं और हरियाणा के पश्चिमी हिस्से में एक दो स्थानों पर केवल छिट-पुट बूंदाबांदी की गतिविधियां देखने को मिलीं। बुधवार को भी हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर दिन और रात्रि तापमान में गिरावट देखने को मिलीं।*

*-डॉ. चंद्रमोहन नोडल अधिकारी पर्यावरण क्लब राजकीय महाविद्यालय नारनौल*

## कमर्शियल गैस सिलेंडर नहीं मिलने से दो दिन में ही बंद हुई अटल किसान कैंटीन

# खाड़ी में तनाव : बिना गैस सिलेंडर कैसे पके खाना, कैंटिनों पर ताले, सस्ता भोजन ठप

- 10 रुपये की थाली बंद, श्रमिकों व किसानों की बढ़ी मुश्किलें, दोपहर का मिलता था भोजन
- श्रमिल कैंटीन के बिल भी अटके, सप्लाई ठप, जिला की दोनों कैंटीन बंद तो दो चल रही नियमित

राजकुमार ▶▶ नारनौल





नारनौल। पुरानी अनाज मंडी स्थित श्रमिक कैंटीन पर लटका ताला व अनाज मंडी में अटल किसान कैंटीन पर लटका ताला। फोटो : हरिभूमि

खाड़ी क्षेत्र में चल रहे युद्ध के प्रभाव अब स्थानीय स्तर पर भी देखने को मिल रहे हैं। कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित होने से नारनौल की श्रमिक कैंटीन और अटल किसान कैंटीन दोनों पर ताले लटक गए हैं। इन कैंटीनों के बंद होने से श्रमिकों और किसानों को दोपहर के समय मिलने वाला सस्ता और भरपेट भोजन पूरी तरह ठप हो गया है, जिससे उनकी दैनिक दिनचर्या और खर्च पर सीधा असर पड़ा है। इन कैंटीनों में मात्र 10 रुपये में थाली उपलब्ध होती थी, जिसमें चार चपाती, चावल और सब्जी शामिल होती थी। महंगाई के दौर में यह व्यवस्था श्रमिकों और छोटे किसानों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही थी, लेकिन अब गैस संकट के चलते यह सुविधा बंद हो चुकी है।

### श्रमिकों व किसानों पर सीधा असर

कैंटीन बंद होने से रोजाना काम करने वाले श्रमिकों और मंडियों में आने वाले किसानों को अब महंगे होटल या ढाबों का सहारा लेना पड़ रहा है। इससे उनके खर्च में बढ़ोतरी हो रही है। कई श्रमिकों ने बताया कि पहले 10 रुपये में भरपेट भोजन मिल जाता था, लेकिन अब 50 से 80 रुपये तक खर्च करने पड़ रहे हैं। लोगों और लाभार्थियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बहाल की जाए और लंबित बिलों का भुगतान किया जाए, ताकि कैंटीन दोबारा शुरू हो सकें। यदि जल्द समाधान नहीं किया गया, तो गरीब और मेहनतकश वर्ग को लंबे समय तक इस समस्या से जूझना पड़ सकता है।

### 10 रुपये की थाली बनी थी सहारा, अब बढ़ी परेशानी

इनमें जल महल मंडी वाली अटल किसान कैंटीन जहां, मार्केट कमेटी तो राजीव चौक वाली मंडी की कैंटीन लेबर डिपार्टमेंट के तहत संचालित इन कैंटीनों में एडीसी कार्यालय के हरियाणा ग्रामीण रोजगार मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भोजन तैयार करती और परोसती थी। श्रमिक महिलाओं को प्रति थाली 10 रुपये के अलावा 25 रुपये की सब्सिडी भी दी जाती थी। इस योजना से न केवल जरूरतमंदों को सस्ता भोजन मिल रहा था, बल्कि महिलाओं को रोजगार भी मिल रहा था। राजीव गांधी चौक के पास पुरानी अनाज मंडी में स्थित श्रमिक कैंटीन में प्रतिदिन 150 से 250 लोग भोजन करते थे, लेकिन पिछले एक पखवाड़े से यह कैंटीन बंद पड़ी है। मुख्य कारण कमर्शियल गैस सिलेंडरों की अनुपलब्धता बताया जा रहा है।

### यह कहती हैं ब्लॉक इंचार्ज

*श्रमिक कैंटीन एवं अटल किसान कैंटीन में गैस सिलेंडरों की दिक्कत आ रही है। सिलेंडर नहीं होने से ये नहीं चल पा रही हैं। अटल किसान कैंटीन का अभी तक विभाग गैस कनेक्शन नहीं हुआ है। कनेक्शन होते ही उसे पुनः चालू कर दिया जाएगा। गैस एजेंसी वाला कनेक्शन होने संबंधित आज ही फोन आया है।*

*-मीना शर्मा, ब्लॉक इंचार्ज, स्वयंसेवी रोजगार मिशन, नारनौल*

### दो दिन में ही ठप हो गई किसान कैंटीन

वहीं, जल महल के पास हाल ही में 23 मार्च को शुरू की गई अटल किसान कैंटीन भी ज्यादा दिन नहीं चल सकी। इसका उद्घाटन विधायक ओमप्रकाश यादव ने किया था, जिसमें मार्केट कमेटी के चेयरमैन बाबूलाल यादव और मंडी सचिव नुकुल यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। इस कैंटीन में तीन छोटे गैस सिलेंडरों के सहारे खाना बनाना शुरू किया गया था, लेकिन महज दो दिन में ही सभी सिलेंडर खाली हो गए। नए सिलेंडर नहीं मिलने के कारण यहां भी भोजन बनना बंद हो गया और कैंटीन पर ताला लग गया। इस कैंटीन को बिना रेगुलर गैस कनेक्शन के मिले ही आनन-फानन में चालू कर दिया गया था।

### जिला मुख्यालय पर ही ठप व्यवस्था

महेंद्रगढ़ जिले में कुल चार सस्ती भोजन कैंटीन संचालित हो रही हैं। इनमें नारनौल की श्रमिक और अटल किसान कैंटीन शामिल हैं, जबकि महेंद्रगढ़ और अटेली में स्थित कैंटीन अभी भी नियमित रूप से चल रही हैं। हैरानी की बात यह है कि जिला मुख्यालय नारनौल में ही दोनों प्रमुख कैंटीन बंद पड़ी हैं, जबकि अन्य स्थानों पर गैस आपूर्ति और संचालन सुचारू बना हुआ है। इससे स्थानीय प्रशासन की व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं।

### बिल अटके, सप्लाई बाधित-दोहरी मार

श्रमिक कैंटीन के संचालन में केवल गैस संकट ही नहीं, बल्कि वित्तीय अड़चनें भी सामने आ रही हैं। कैंटीन के पिछले 8 से 10 महीनों के बिल विभाग में लंबित पड़े हैं। बताया जा रहा है कि छोटे-छोटे ऑब्जेक्शन लगाकर इन बिलों को पहले रिजेक्ट कर दिया गया था। करीब 15 दिन पहले दोबारा बिल भेजे गए हैं, लेकिन अभी तक मंजूरी नहीं मिल पाई है। इस वजह से स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक दबाव झेलना पड़ रहा है, जिससे कैंटीन संचालन और भी प्रभावित हुआ है।



महेंद्रगढ़। विद्यालय के बाहर खड़े ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## आकोदा के सरकारी स्कूल में चोरी की घटना

# भड़के ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, किया प्रदर्शन

**आरोपित अध्यापक को तुरंत सस्पेंड करने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गांव आकोदा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चोरी की घटना को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। स्कूल में बार-बार हो रही चोरी की घटनाओं से नाराज ग्रामीणों ने स्कूल के गेट पर धरना देते हुए प्रदर्शन किया और स्कूल गेट पर ताला नजर आया।

बड़ी संख्या में विद्यार्थी भी गेट के बाहर खड़े नजर आए। ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूल में पिछले एक से डेढ़ साल के दौरान कई बार चोरी की घटनाएं हुईं, लेकिन स्कूल प्रबंधन ने हर बार मामले को दबाने का प्रयास किया। हाल ही में हुई चोरी के सीपीयू के मामले ने ग्रामीणों में रोष पैदा कर दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि चोरी हुआ सीपीयू एक अध्यापक के पास से बरामद हुआ है, जो लंबे समय से इस स्कूल में कार्यरत है। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने मांग रखी कि आरोपित अध्यापक को तुरंत सस्पेंड किया जाए और स्कूल की कार्यवाहक इंचार्ज का तबादला किया जाए।

### ग्रामीणों को उचित कार्रवाई का आश्वासन

आकोदा चौकी प्रभारी और महेंद्रगढ़ सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। इसके अलावा खंड शिक्षा अधिकारी जगमाल सिंह भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया।

### आरोपित अध्यापक को गिरफ्तार किया

चौकी प्रभारी एसआई अमित ने बताया कि पुलिस ने स्कूल प्रबंधन की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए महेंद्रगढ़ सदर थाने में एफआईआर दर्ज की थी। मामले में आरोपित अध्यापक को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है।

### आरोपित टीचर के पास से सीपीयू भी बरामद

स्कूल की प्राचार्य सुषमा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 16 मार्च को स्कूल में चोरी की घटना हुई थी। पुलिस जांच में सामने आया कि चोरी में स्कूल का ही एक अध्यापक शामिल था। जांच के दौरान आरोपित टीचर के पास से चोरी किया गया सीपीयू भी बरामद किया गया था।

# महेंद्रगढ़ के नए एसपी होंगे दीपक जेवरिया



**महेंद्रगढ़।** आईपीएस अधिकारियों के किए गए तबादलों में महेंद्रगढ़ की पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ भी शामिल हैं। उनके स्थान पर अब 2019 बैच के आईपीएस अधिकारी दीपक जेवरिया को जिले का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। जारी आदेशों के अनुसार, प्रदेश में कुल 29 पुलिस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। इनमें महेंद्रगढ़ की एसपी पूजा वशिष्ठ को स्टेट विजिलेंस एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में एसपी पद पर तैनात किया गया है। वहीं, दीपक जेवरिया इससे पहले मानेसर में डीसीपी के पद पर कार्यरत थे और अब उन्हें महेंद्रगढ़ जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके कार्यभार संभालने के बाद जिले की कानून-व्यवस्था और पुलिसिंग में नए बदलाव देखने को मिल सकते हैं। प्रशासनिक हलकों में इस फेरबदल को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

- पूजा वशिष्ठ का तबादला स्टेट विजिलेंस एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में भेजा



कनीना। खरीद आरंभ करवाते एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह व अन्य।

### कनीना मंडी में 70 क्विंटल गेहूं खरीदा

**कनीना।** अनाज मंडी में सरकार की ओर से निर्धारित रेट पर गेहूं की खरीद आरंभ हो चुकी है। खरीद एजेंसी खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निरीक्षक खरीद अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि मंडी में 70 क्विंटल गेहूं निर्धारित भाव 2585 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीदा गया है। उन्होंने किसानों से कहा कि वह अपना गेहूं साफ सुथरा लेकर आए। उन्होंने बताया कि गेहूं खरीद के लिए बारदाने सहित अनाज मंडी में सभी आवश्यक तैयारी पूरी की गई हैं। खरीदे हुए गेहूं को पीआर सेंटर महेंद्रगढ़ में रखवाया जाएगा। खरीद आरंभ के अवसर पर एसडीम डॉ. जितेंद्र सिंह अहलावत, मार्केट कमेटी सचिव अजीत सिंह, फूड एंड सप्लाई विभाग निरीक्षक प्रवीण कुमार, पूरन सिंह, भूरा सहरावत, दिनेश सहरावत, मनीष कुमार, कपिल रसूलपुर, मंजीत सिंह आदि उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

## बरसाती पानी की निकासी की समस्या, बारिश से पहले समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। हाल ही में हुई बारिश के बाद पार्क गली में जमा पानी। फाइल : फोटो

शहर की पार्क गली मार्केट के दुकानदारों ने प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव को ज्ञापन सौंपकर बरसाती पानी की निकासी की स्थायी व्यवस्था करने की मांग की है। वर्षों से जलभराव की समस्या से जूझ रहे व्यापारियों ने इस बार समय रहते समाधान की उम्मीद जताई है। दुकानदारों के अनुसार हर साल बारिश के दिनों में मार्केट में तीन तीन फीट तक पानी भर जाता है, जिससे दुकानों में पानी घुसने के कारण लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ता है। जलभराव की स्थिति कई बार दो से तीन महीनों तक बनी रहती है, जिससे व्यापार ठप हो जाता है और किराया व दैनिक खर्च निकालना भी मुश्किल हो जाता है।

ज्ञापन में बताया गया कि यह समस्या कोई नई नहीं, बल्कि पिछले 30 से 35 वर्षों से लगातार बनी हुई है। इसके बावजूद अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया। व्यापारियों ने यह भी चिंता जताई कि पानी भरने से दुकानों की दीवारें कमजोर हो जाती हैं, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है। दुकानदारों ने मंत्री से मांग की है कि बरसात शुरू होने से पहले ही जल निकासी के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। ज्ञापन देने वालों में कृष्ण कुमार, शेरसिंह, अमित अजय, नीरज, संदीप, मनोज, रोहतास, मुकेश, सुरेंद्र, रोहित, राजेश, सुंदीप, जगदीश, बिरेंद्र, समीर, राजकुमार आदि शामिल थे।

## ग्रामीणों ने पुलिस व दमकल विभाग को दी सूचनाए, समय रहते आग पर पाया काबू

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग, कोई हताहत नहीं

# नेशनल हाईवे 11 पर खटोटी गांव के पास कैंटर में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। नेशनल हाईवे पर गांव खटोटी के पास कैंटर में लगी आग। फोटो : हरिभूमि

नेशनल हाईवे नंबर 11 पर बुधवार रात एक चलते हुए कैंटर में अचानक आग लग गई। आग लगते ही चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत कैंटर को सड़क किनारे रोक दिया तथा कैबिन से कूदकर अपनी जान बचाई। गनीमत रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। कैंटर पार्सल से भरा हुआ था और नारनौल से राजस्थान के झुंझनू की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में ट्रक के केबिन में अचानक धुआं उठने लगा और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण कैबिन में शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

नेशनल हाईवे कैंटर में आग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को जानकारी दी। जिस पर दमकल विभाग की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की वजह से नेशनल हाईवे 11 पर कुछ समय के लिए यातायात भी बाधित रहा। जिससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जिसके कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दमकल कर्मियों की ओर से आग बुझाने के बाद स्थिति सामान्य हुई और यातायात को फिर से सुचारु रूप से शुरू कराया गया।

हालांकि आग की घटना में पार्सल कैंटर का कैबिन व कुछ सामान को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल प्रशासन की ओर से मामले की जांच की जा रही है तथा आग लगने के सही कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### समय रहते आग पर पाया काबू

*इस बारे में गहली पुलिस चौकी के प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि पार्सल कैंटर में शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई थी। जिसको समय रहते काबू पा लिया गया। घटना में कोई भी हताहत नहीं हुआ।*



बच्चो, तुमने अकसर अपने से बड़ों को यह कहते हुए सुना होगा-एक तंदुरुस्ती हजार नियामत। यह सिर्फ कहावत नहीं है, अच्छी लाइफ जीने का सीक्रेट भी है। अच्छी लाइफ जीने के लिए हेल्दी होना बहुत जरूरी है। तभी तुम अच्छी तरह से अपनी पढ़ाई कर सकोगे, खूब खेल सकोगे और बार-बार बीमार भी नहीं पड़ोगे। इसके लिए तुमको यहां बताई जा रही कुछ गुड हैबिट्स से दोस्ती करनी होगी।

# गुड हैबिट्स से करो दोस्ती
# हमेशा रहोगे हेल्दी-एनर्जेटिक

अवेयरनेस
रजनी अरोड़ा

बच्चो, तुम यह तो जानते ही होगे कि हर वर्ष 7 अप्रैल को वर्ल्ड हेल्थ-डे मनाया जाता है। पर क्या तुम यह जानते हो कि इसे क्यों मनाया जाता है? दरअसल, यह इसलिए मनाया जाता है ताकि दुनिया भर के लोग अपनी हेल्थ को लेकर अवेयर रहें। इसके लिए गुड हैबिट्स को अपनाएं और बैड हैबिट्स से दूर रहें। तुम भी यहां बताई जा रही बातों को फॉलो कर हमेशा हेल्दी और एनर्जेटिक रह सकते हो।

**अपनाओ हेल्दी रूटीन:** अच्छी हेल्थ के लिए हेल्दी रूटीन अपनाना बहुत जरूरी है। कोशिश करो कि रोज रात में 10 से 10.30 बजे तक सो जाओ और सुबह 6-6.30 बजे तक उठो। 7-8 घंटे की अच्छी नींद शरीर और दिमाग दोनों के लिए जरूरी होती है। इससे तुम पूरे दिन एक्टिव, फ्रेश और एनर्जेटिक फील करोगे। अगर नींद पूरी नहीं होगी, तो पढ़ाई में मन नहीं लगेगा, सुस्त महसूस करोगे और शरीर भी थका-थका लगेगा। अच्छी नींद के लिए, सोने से लगभग एक घंटा पहले मोबाइल, टीवी या कंप्यूटर देखना बंद कर दो, क्योंकि स्क्रीन की रोशनी नींद में रुकावट डालती है।

सुबह उठकर 5-10 मिनट ताजी हवा और हल्की धूप में टहलना, स्ट्रेचिंग या माइंडफुल डीप ब्रीदिंग करना भी बहुत फायदेमंद है। इससे तुमको स्वच्छ ऑक्सीजन और विटामिन-डी मिलेगा।

**पर्सनल हाइजीन का रखो ध्यान:** रोज नहाना, साफ ड्रेस पहनना और शरीर को साफ रखना हेल्दी रहने के लिए बहुत जरूरी है। साबुन से नहाने से शरीर पर जमा धूल, पसीना और कीटाणु साफ हो जाते हैं। गर्मियों में पसीना ज्यादा आता है, इसलिए जरूरत हो तो गर्मी के दिनों दिन में दो बार भी नहा सकते हो। हफ्ते में 2 बार अच्छे से बाल धोना जरूरी है, ताकि गंदगी और पसीने से होने वाले फंगल इंफेक्शन से बचा जा सके।



**रेग्युलर करो हैंडवॉश:** तुम्हें अपने हाथ नियमित रूप से, खासकर खाना खाने से पहले धोने की आदत जरूर डालनी चाहिए। ऐसा न करने से हाथ में छुपे बैक्टीरिया खाने के साथ मुंह से शरीर में जा सकते हैं और तुमको बीमार कर सकते हैं। छींक-खांसी आने पर नाक-मुंह साफ करने के बाद, टॉयलेट के बाद, बाहर से आने के बाद हाथों को 40 सेकेंड के लिए साबुन लगाकर जरूर साफ करो और साफ तौलिए से पोंछो। इससे हाथों के कीटाणु शरीर में नहीं जाते और बीमारियों से बचाव होता है।





**ओरल हाइजीन है जरूरी:** ब्रश और माउथवॉश से दांतों की क्लीनिंग, तुम्हारी डेंटल हाइजीन रूटीन का हिस्सा होना चाहिए। डेंटिस्ट भी दांतों की सफाई के लिए 2-2-2 का फार्मूला फॉलो करने के लिए कहते हैं। यानी दिन में 2 बार कम से कम 2 मिनट तक ब्रश करो और साल में 2 बार अपने दांत डेंटिस्ट से जरूर चेक कराओ। कुछ भी खाने के बाद गार्गल जरूर करो। इससे मुंह साफ रहेगा और तुम्हारे दांत खराब नहीं होंगे। रात को सोने से पहले ब्रश जरूर करो।

**हॉबीज को दो टाइम:** जहां तक हो सके इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर कार्टून फिल्म या गेम्स खेलने से दूर रहो। कभी-कभी खेल सकते हो। इसके बजाय मेंटल शार्पनेस बढ़ाने वाले पजल गेम्स खेलना फायदेमंद है। अपनी रुचि के हिसाब से तुम पेंटिंग, क्राफ्ट, डांस-म्यूजिक, इंस्ट्रूमेंट प्लेइंग जैसी एक्टिविटीज की लर्निंग-क्लासेज जॉइन कर सकते हो। इससे तुम्हारी क्रिएटिविटी तो बढ़ेगी ही तुम हेल्दी और एक्टिव भी रहोगे।

**आंखों का रखो ध्यान:** आंखें हमारे शरीर का बेहद महत्वपूर्ण अंग है, इसलिए तुम्हें अपनी आंखों का पूरा ध्यान रखना चाहिए। लापरवाही, गलत आदतों और समुचित देखभाल के अभाव में आई साइट कमजोर हो सकती है। कंप्यूटर, मोबाइल या टीवी की स्क्रीन की ब्राइटनेस और कंट्रास्ट को एडजेस्ट करो, लंबे समय तक कंप्यूटर या टीवी न देखो। बीच-बीच में आंखों को रिलेक्स करो।

पढ़ने के लिए, लाइट की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। पढ़ते वक्त टेबल पर रखी बुक से आंखें 20 इंच या दो हाथ की दूरी होनी चाहिए। लगातार पढ़ने के बजाय 20 मिनट के बाद 20 सेकेंड का ब्रेक जरूर लो। इस ब्रेक में तुम आंखें बंद कर बैठो या आंखों के व्यायाम करो।

**खेलो आउटडोर गेम्स:** शाम को दोस्तों के संग कम-से-कम एक घंटा आउटडोर गेम्स खेलो। इन गेम्स से तुम फिजिकली स्ट्रांग तो बनोगे ही, इससे स्ट्रेस रिलीज होने के बाद स्टडी पर कंसंट्रेट भी कर पाओगे। तुम्हारा कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। *

### रेग्युलर खाओ हेल्दी डाइट



हेल्दी रहने के लिए समय पर खाना बहुत जरूरी है। नाश्ता कभी मत छोड़ो, क्योंकि यही तुम्हें सुबह की ऊर्जा देता है। डिनर हमेशा सोने से 2-3 घंटे पहले कर लो ताकि खाना आसानी से पच सके। जल्दबाजी में या टीवी देखते हुए मत खाओ। खाना हमेशा चबा-चबाकर खाना चाहिए। इससे डाइजेशन संबंधी कोई समस्या नहीं होगी। दिन में 3 बड़े मील्स की बजाय 5-6 छोटे हेल्दी मील लेना ज्यादा अच्छा होता है। हेल्दी और फिट रहने के लिए रोजाना न्यूट्रीशन से भरपूर बैलेंस डाइट ही खाओ। कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिंस, फैट और कैल्शियम का प्रॉपर बैलेंस तुम्हारी डाइट में होना चाहिए। जंक या फास्ट फूड ज्यादा खाने से परहेज करो, यह बहुत नुकसानदायक होता है।

# अब तो चश्मा लगेगा


निम्मी को आंखों में तकलीफ हुई तो डॉक्टर ने कहा, मोबाइल ज्यादा देखने की वजह से उसकी आंखें कमजोर हो गई हैं, अब उसे चश्मा पहनना पड़ेगा। निम्मी यह सोचकर रुआंसी हो गई कि अब उसके फ्रेंड्स उसे चश्मिश कहेंगे। तो क्या सचमुच निम्मी की आंखों में चश्मा चढ़ गया?



छोटी कहानी
सिराज अहमद

निम्मी की आंखें आज जरा सुर्ख थीं। पहले तो उसने गौर नहीं किया, लेकिन जब उसे आंखों में किरकिरी और चुभन महसूस होने लगी, तो वह दौड़ी-दौड़ी मम्मी के पास पहुंची, बोली, 'मेरी आंखें लाल हो रही हैं। चुभन भी बहुत हो रही है।'

मम्मी ने ध्यान से देखा, बाईं आंख कुछ ज्यादा ही लाल थी। वह बिना देर किए निम्मी को घर के पास के आई क्लिनिक में ले गईं।



डॉक्टर साहब ने अपना चश्मा उतारकर निम्मी को देखा और भारी आवाज में पूछा, 'बेटा, क्या तुम मोबाइल बहुत देखती हो?' निम्मी एकदम खामोश हो गई। मम्मी ने उसकी ओर तिरछी नजरों से देखा और शिकायत भरे लहजे में बोलीं, 'बिल्कुल देखती है डॉक्टर साहब! मना करने पर तो जैसे इसके कान बंद हो जाते हैं।'

आंखों की कुछ जांच करने के बाद डॉक्टर साहब गंभीर होकर बोले, 'हूं, अब तो चश्मा लगाना पड़ेगा, वरना आंखें और भी कमजोर हो जाएंगी।'

'चश्मा, यह शब्द सुनते ही निम्मी के सब्र का बांध टूट गया। उसकी आंखों से आंसू टपकने लगे। उसने सोचा, 'अब मेरे फ्रेंड्स तो मुझे चश्मिश कहकर चिढ़ाएंगे..! मैं कितनी बुरी लगूंगी!'

निम्मी को रोता देखकर मम्मी और डॉक्टर साहब, दोनों को बात समझ आ गई कि वह चश्मा नहीं लगवाना चाहती है। मम्मी ने उसे पुचकार कर चुप कराया।

तभी डॉक्टर साहब अचानक खिलखिलाकर हंस पड़े और बोले, 'अरे अरे निम्मी, मत रो! अभी चश्मा नहीं लगेगा। यह तो बस मामूली इंफेक्शन है, जो दवाई से ठीक हो जाएगा। लेकिन याद रखना, अगर मोबाइल देखना नहीं छोड़ा, तो जल्द ही आंखों पर चश्मा चढ़ जाएगा।'

यह सुनकर निम्मी की जान में जान आई। उसने फौरन अपनी सजल आंखों से मम्मी और डॉक्टर साहब की तरफ देखा और वादा किया कि वह अब मोबाइल से तौबा कर लेगी। सब कुछ ठीक ही था कि तभी उसे कुछ याद आया, वह दोबारा रोने लगी। मम्मी ने हैरान होकर पूछा, 'अब क्या हुआ निम्मी?' बड़ी मासूमियत से मुंह बिगाड़कर वह बोली, 'पर मैं वो कड़वी दवाइयां कैसे खाऊंगी?'

निम्मी की यह मासूम बात सुनते ही डॉक्टर और मम्मी, दोनों ठहाके मारकर हंस पड़े। डॉक्टर साहब ने हंसते हुए निम्मी के सिर पर हाथ फेरा और बोले, 'अरे बिटिया, आंख के इंफेक्शन के लिए कड़वी गोलियां नहीं, बल्कि ठंडी-ठंडी आई-ड्रॉप्स डालनी होती हैं। बस दो बूंद डालोगी, आंखों को तुरंत आराम मिलेगा।'

निम्मी के चेहरे पर मुस्कान तैर गई। उसे खुश देखकर मम्मी को भी तसल्ली हुई। *

कविता / सृष्टि पांडेय

## तन स्वस्थ रखो

रोज सुबह व्यायाम करो,
आसन, प्राणायाम करो।
मन को अपने मस्त रखो,
करो योग, तन स्वस्थ रखो।

सब रोगों की सहज दवा,
ताजी ठंडी शुद्ध हवा।
दूर रहेगी बीमारी,
योग सभी पर है भारी।



## बूझो तो जानें



1
वजन उठाते बारी-बारी
पड़ते कभी न सुस्त।
हो निरोग देह तो ये भी
रहते हैं तंदरुस्त।।

2
बोझ बदन का ढोया करते
मन-ही-मन मुसकाते।
जीवन एक नाम चलने का
हमको हैं समझाते।।

3
शुद्ध अशुद्ध रक्त है इसमें
हर पल रहे धड़कता।
इसकी धड़कन के कारण ही
जीवन आगे बढ़ता।।

-डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर: 1.हाथ, 2.पैर, 3.हृदय



## जीके क्विज-199

1. आइपीएल के इतिहास की सबसे महंगी टीम कौन बन गई है?
2. खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 का आयोजन किस राज्य में किया जाएगा?
3. विश्व धरोहर दिवस कब मनाया जाता है?
4. उत्तराखंड की राजधानी कहां है?
5. आगरा शहर की स्थापना किसने की थी?
6. जालियांवाला बाग किस राज्य में स्थित है?
7. कौन-से दो विटामिन जल में घुलनशील होते हैं?
8. भारत में मीठे पानी की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
9. ब्लू सिटी के नाम से भारत के किस शहर को जाना जाता है?
10. रेडक्लिफ रेखा किन दो देशों के बीच सीमा बनाती है?



**बच्चो, जीके क्विज-199 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-198 का उत्तर:** 1. फिनलैंड, 2. ममता कालिया, 3. 7 अप्रैल, 4. बालेंद्र शाह, 5. महावीर, 6. आईएनएस अंजदीप, 7. असम, 8. जॉर्ज वॉशिंगटन, 9. 32, 10. रूस

**जीके क्विज-198 का सही उत्तर देने वाले:** रमाकांत-बिलासपुर, कबीर-हिसार, दिव्यांश-दुर्ग, अनुभव-राजनांदगांव, अनहद-बिलासपुर, रमेश-बैकुंठपुर, कविता-रायपुर, कुसुम-दुर्ग, तनिष्क-रोहतक, कोमल-बिलासपुर, संचित-बलौदा बाजार



कहानी
शोभना श्याम

निखुरी गिलहरी बहुत आलसी थी, उसे जो उल्टा-सीधा खाने को मिल जाता खा लेती, जबकि उसकी बहन चिखुरी मेहनत से स्वच्छ, पौष्टिक भोजन खोजकर खाती। वह निखुरी को गलत भोजन करने से रोकती, लेकिन वह एक ना सुनती। एक दिन निखुरी की तबियत बुरी तरह बिगड़ गई, यह उसके लिए बहुत बड़ा सबक बना।

# चिखुरी और निखुरी



शहर के एक मोहल्ले में एक छोटा-सा पार्क है। कभी यह पार्क हरियाली से भरा रहता था। अब यहां हरियाली के नाम पर इकलौता सूखा-सा पीपल का पेड़ और टूट कर गिरा हुआ एक नीम का पेड़ है। यहां दो गिलहरी बहनें रहती हैं-चिखुरी और निखुरी। जहां चिखुरी खूब चुस्त और मेहनती है, वहीं निखुरी आलसी और कामचोर है।

चिखुरी प्रतिदिन सुबह उठते ही पार्क से बाहर निकल जाती थी। उसने पार्क के आस-पास ही लगे तरह-तरह के फलों और सब्जियों के पेड़ भी खोज रखे थे। उसका जिस दिन जो भी खाने का मन होता, वहीं जाती और छक कर खाती। कुछ फल-सब्जियां या बीज लाकर अपने घर में रख लेती थी। अमरूद, जामुन, मटर, फलियां, खरबूजे और अन्य फल, सब्जियों के बीज, बढ़िया-बढ़िया खाना खाने और दौड़-भाग करने के कारण चिखुरी की सेहत खूब अच्छी हो गई थी। फुर्तीली तो इतनी थी कि लोगों के सामने ही उनके पेड़ों से फल, सब्जी या फलियां तोड़ लेती और लंबी-लंबी छलांगें मारती निकल जाती, फिर दूर जाकर कभी छीलकर तो कभी कुतर-कुतर कर ऐसे मजे लेकर खाती जैसे उन्हें चिढ़ा रही हो।

उधर निखुरी को जो कुछ पार्क में मिलता, उसी को खाकर आराम करती रहती। एक बार चिखुरी ने निखुरी से कुछ अच्छा खाने के लिए अपने साथ पार्क से बाहर चलने के लिए कहा तो वह जम्हाई लेते हुए बोली, 'मुझे तो यहीं पार्क में गुजारे लायक खाने को मिल ही जाता है, तो दूर जाने की क्या जरूरत है? वो देख पार्क के कोने में जो टूटा हुआ चबूतरा है ना, उस पर लोग कितना कुछ खाने को रख जाते हैं। जब तू खाने के लिए बाहर भटकती है, तब मैं मजे से चबूतरे पर पड़ी तरह-तरह की चटपटी चीजें खाती हूं, वो भी बिना मेहनत किए।'

'हे भगवान तू वो वाला खाना खाती है! तुझे कुछ पता भी है, वह खाना हमारे स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है। एक तो वह इंसानों के घरों का बचा हुआ बासी और खराब खाना होता है। अगर खराब न भी हो तो भी इंसान हम से बिल्कुल अलग हैं, उनका खान-पान भी हमसे बहुत अलग है। इंसान ज्यादातर खाना पकाकर खाते हैं, उसमें घी, तेल, नमक, मसाले, चीनी डालते हैं। हमें कुदरत ने हमारे हिसाब से प्राकृतिक चीजें मतलब फल, सब्जी, बीज और मेवे आदि खाने के लिए दिए हैं। हमें बस इन्हें ढूंढ कर खाना होता है। जिसे तू बाहर भटकना कहती है, वह मेहनत है, जो शरीर और मन दोनों की सेहत और ताकत के लिए जरूरी है।' निखुरी पर चिखुरी की बात का कोई असर न हुआ, वह बड़ी लापरवाही से बोली, 'यह सब बेकार की बातें हैं। ताकत तो खाने-पीने से आती है। वह बैठे-बैठे मिल जाए तो इससे बढ़िया बात क्या?'

'तुझे तो कुछ भी समझाना बेकार है।' यह कहकर चिखुरी फुदकती हुई पार्क से बाहर निकल गई। निखुरी चबूतरे की तरफ खाना खाने चली गई।

निखुरी दिन पर दिन और आलसी होती जा रही थी। ऊपर से देखने में तो वह चिखुरी से मोटी दिखती थी, लेकिन अंदर ही अंदर बहुत कमजोर हो गई थी। एक दिन चिखुरी जब खाना लेकर लौटी तो उसने देखा कि निखुरी टूटे हुए पेड़ के नीचे पड़ी पेट पकड़कर कराह रही है। उसे उल्टियां भी हो रही थीं। चिखुरी के पूछने पर उसने बताया, 'पेट में भयानक दर्द हो रहा है, जी मिचला रहा है।' चिखुरी के यह पूछने पर कि उसने क्या खाया तो निखुरी ने चबूतरे पर बिखरे खाने की ओर इशारा कर दिया। चिखुरी ने तुरंत वहां जाकर सारी चीजों को उलट-पलट कर देखा। वहां कुछ पिज्जा और ब्रेड के टुकड़े पड़े थे। वापस आकर वह निखुरी पर नाराज हुई, 'मुझे जिस बात का डर था, आज वही हो गया। ब्रेड पर फफूंद लगी है, जो जहरीली होती है। पिज्जा में मैदा है, जो हम गिलहरियों के लिए क्या इंसान के लिए भी हानिकारक है। फिर भी कुछ जिद्दी बच्चे ये सब खाकर अपनी सेहत खराब कर लेते हैं। एक तो तू ये खराब खाना खाती है, दूसरे कोई मेहनत नहीं करती। अब भुगत, मैं क्या करूं?' निखुरी ने चिखुरी से विनती की, 'मेरी अच्छी बहन, इस बार मुझे बचा ले। मैं वादा करती हूं, आगे से मैं वही करूंगी जो तू कहेगी।' यह कहकर निखुरी जोर-जोर से रोने लगी। चिखुरी को दया आ गई, वह बोली, 'पार्क के बाहर पेड़ पर एक गिलहरी दादी रहती हैं, उनसे बात करते हुए मुझे कुछ बातें पता चली थीं, वही तू कर। सबसे पहले तो खूब सारा पानी पी ले।' यह सलाह देकर चिखुरी जाकर सूरजमुखी के बीज लाई। उन्हें छील कर साफ पानी से भरे गड्ढे में डाल दिया। इसके बाद उसने धूप से गर्म हुए पीपल के पत्ते निखुरी के पेट पर रख दिए फिर भाग कर सौंफ के पत्ते और नरम-नरम शहतूत ले आई और निखुरी से बोली, 'जब तक तबियत ठीक न हो जाए, तब तक पानी ही ज्यादा पीना और भूख लगे तो नरम-नरम फल ही खाना।' चिखुरी की फुर्ती और समझदारी देखकर निखुरी हैरान रह गई। उसने मन में ठान लिया, वह आगे से कभी भी चबूतरे पर पड़ा खाना नहीं खाएगी। चिखुरी की तरह मेहनत करेगी, स्वच्छ और पौष्टिक आहार लेगी।' *

कविता
पूर्ति वैभव खरे




## घर का खाना

भानु! भालू बड़ा शौकीन,
खाता रहता सारे दिन।
नहीं है घर का खाना खाता
फास्ट-फूड उसे है भाता।
एक दिन उसकी सेहत बिगड़ी,
फिर भी न खाई उसने खिचड़ी।
डॉक्टर अंकल घर पर आए,
भानु को फिर वे समझाए।
'खाते नहीं तुम घर का खाना,
होगा तुम्हें अस्पताल में जाना।
तुममें नहीं है बिल्कुल ताकत,
आई बड़ी है तुमपे आफत।
आंखों से तुम्हें कम दिखता,
पेट तुम्हारा गड़बड़ लगता।
कड़वी-तीखी दवाई मैं दूंगा,
इंजेक्शन भी तुम्हें लगाऊंगा।'
यह सुनकर भानु घबराया,
हाथ जोड़कर वह चिल्लाया।
'अब खाऊंगा घर का खाना,
मुझे नहीं अस्पताल में जाना।'
तब डॉक्टर भानु से बोले,
अच्छी सेहत के राज यूं खोले
घर का खाना सबसे उत्तम,
सेहत बढ़िया रहेगी हरदम।

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। लेकिन इन दोनों चित्रों में छह अंतर हैं। तुम पांच मिनट के अंदर इन दोनों चित्रों में छह अंतर ढूंढ़ कर बताओ।



उत्तर: 1.बच्चे के हाथ में एप्पल की बजाय चॉकलेट है। 2.बच्चे ने स्लीपर पहना हुआ है। 3.टेबल पर पानी की बॉटल की जगह कोल्ड ड्रिंक रखी है। 4.टिफिन बॉक्स का कलर और उसमें रखे फूड आइटम्स बदले हुए हैं। 5.आसमान में काले बादल छाए हुए हैं। 6.लड़का सुस्त और उदास दिख रहा है।

## वर्ग पहेली

बच्चो, दिए गए चित्र में तुम फ्रूट्स को पहचानो और खाली ब्लॉक्स में इनकी सही स्पेलिंग के लेटर्स लिखकर इन फ्रूट्स के नाम पूरे करो।




उत्तर: ऊपर से नीचे: WATERMELON, BANANA
बाएं से दाएं: APPLE, ORANGE, PINEAPPLE

## खबर संक्षेप


खुशबू


सुनील

### यदुवंशी कॉलेज की छात्राओं ने लहराया परचम

**नारनौल।** हाल ही में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर की ओर से अर्थशास्त्र विभाग प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कॉलेज की छात्रा खुशबू पुत्री राकेश कुमार ने दूसरा व सुनील पुत्री बलवान ने चौथा स्थान प्राप्त किया। यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी। इस मौके पर संस्था निदेशिका सुरेश यादव, डॉ. प्रदीप यादव, प्राचार्य बजरंग लाल, डॉ. सोनल यादव आदि मौजूद रहे।


नारनौल। सपना को सम्मानित करते हुए।

### मांदी की सपना को किया सम्मानित

**नारनौल।** गांव मांदी की सपना ने यूपीपीएससी में सामान्य केटेगरी में आठवां रैंक हासिल करके अपने गांव व अपने परिवार का नाम रोशन किया है। इस उपलक्ष्य में उनके निवास गांव मांदी में जिला उपाध्यक्ष बीजेपी वासुदेव यादव, राहुल शर्मा, राहुल गुरैया, दीनबंधु मांदी बधाई देने पहुंचे। इस मौके पर उनके पिता विक्रम यादव, ताऊ देवेंद्र यादव, संदीप, रमन, बिरेंद्र, मनीष आदि उपस्थित थे। सपना ने सहायक आयुक्त वाणिज्य विभाग में अपना स्थान प्राप्त करने में सफलता हासिल की है।


सतनाली मंडी। प्रवेश उत्सव के तहत आयोजित हवन में उपस्थित स्टाफ व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### हवन के साथ नए शैक्षणिक सत्र का हुआ शुभारंभ

**सतनाली मंडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नावां में प्रवेश उत्सव के तहत हवन यज्ञ के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य रमेश ने बताया कि इस अवसर पर प्रविंद्र शास्त्री के सानिध्य में वैदिक मंत्रों मंत्रोच्चार के साथ हवन यज्ञ का आयोजन कर नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया।

### बारिश से गेहूं की बालियां होने लगी काली

**कनीना।** क्षेत्र में बेमौसम बारिश के चलते गेहूं फसल की कटाई बाधित हो गई थी और जो फसल काट कर डाली गई थी वह भीग जाने के कारण निकलवाई नहीं जा सकती थी। किसान दिनेश कुमार, राजेश, सुरेश, विनय कुमार आदि ने बताया कि पिछले कुछ सालों से बेमौसम बारिश के कारण पक्की फसल में बड़ा नुकसान रहा है। क्षेत्र में हल्की ओलावृष्टि व बारिश के चलते गेहूं और सरसों में नुकसान हुआ है।

## मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सभी उपायुक्तों के साथ की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

# प्रदेश की समृद्ध पांडुलिपि विरासत को सहेजेगा ज्ञान भारतम मिशन

- प्राचीन पांडुलिपियों, ताड़ पत्रों व दुर्लभ अभिलेखों का भौतिक सत्यापन कर होगी जियो टैगिंग : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हमारी आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों को जोड़ने और सदियों पुराने ज्ञान को आधुनिक पीढ़ी के लिए सुलभ बनाने के लिए हरियाणा के अभिलेखागार विभाग हर जिले में पांडुलिपियों की पहचान, प्रलेखन और संरक्षण के लिए एक मिशन चलाएगा। इसके लिए अभिलेख दान अभियान के माध्यम से आम जन को भी अपने पास सुरक्षित ऐतिहासिक पत्रों, मानचित्रों और पुरानी तस्वीरों को राज्य अभिलेखागार को सौंपने के लिए प्रोत्साहित करेगा। इसी विषय पर वीरवार को हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने राज्य के सभी उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की।

इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि सरकार केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय के साथ समन्वय कर भारत की प्राचीन सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत को सुरक्षित रखने की दिशा में हरियाणा सरकार ने यह बीड़ा उठाया है। उपायुक्त ने बताया कि ज्ञान भारतम मिशन के तहत राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण के प्रभावी क्रियान्वयन पर मुख्य सचिव के साथ विस्तार से चर्चा हुई है। उन्होंने बताया कि सरकार की यह पहल राज्य के गौरवशाली इतिहास को पुनर्जीवित करेगी तथा सदियों पुराने ज्ञान को आधुनिक पीढ़ी के लिए सुलभ बनाने में भी मील का पत्थर साबित होगी। पांडुलिपियों की पहचान, प्रलेखन और संरक्षण के लिए जिला स्तरीय कमेटियों का गठन किया जाएगा। डीसी ने बताया कि महेंद्रगढ़ जैसे ऐतिहासिक महत्व वाले जिले में जहां अनेक प्राचीन मंदिर, मठ, पाठशालाएं और व्यक्तिगत संग्रह मौजूद हैं, वहां यह अभियान विशेष रूप से प्रभावी रहेगा। इस बैठक में एक्सईएन बीएंडआर अश्विन कुमार भी मौजूद थे।


नारनौल। वीडियो कॉन्फ्रेंस में मौजूद डीसी कैप्टन मनोज कुमार। फोटो : हरिभूमि

### संरक्षण के लिए 15 जून तक चलेगा अभियान

कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि इस मिशन के तहत सरकारी पुस्तकालयों के साथ साथ निजी संस्थानों और धार्मिक स्थलों में रखी प्राचीन पांडुलिपियों, ताड़ पत्रों और दुर्लभ अभिलेखों का भौतिक सत्यापन कर उनकी जियो टैगिंग की जाएगी। हरियाणा के अभिलेखागार विभाग को इस मिशन के लिए राज्य नोडल विभाग नियुक्त किया गया है, जो सीधे तौर पर केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय के साथ समन्वय कर 15 जून तक इस राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण को पूरा करेगा। उन्होंने बताया कि इसके तहत अभिलेख दान अभियान जैसी योजनाओं के माध्यम से आमजन को भी अपने पास सुरक्षित ऐतिहासिक पत्रों, मानचित्रों और पुरानी तस्वीरों को राज्य अभिलेखागार को सौंपने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि उन्हें वैज्ञानिक पद्धति से संरक्षित किया जा सके। उपायुक्त ने बताया कि इसके अलावा नई शिक्षा नीति के अनुरूप धरोहरशास्त्री इंटर्नशिप कार्यक्रम के जरिए युवाओं को भी इस संरक्षण कार्य से जोड़ा जा रहा है।


महेंद्रगढ़। विद्यालय में हवन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## नेशनल मॉडल स्कूल में हवन करके किया नए सत्र का प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नेशनल मॉडल स्कूल में हनुमान जयंती पर हवन का आयोजन किया गया। हवन करके विधिवत नए सत्र का आगाज किया गया। इस हवन के मुख्य यजमान विद्यालय प्राचार्य ओमप्रकाश यादव रहे।

प्रमोद शास्त्री ने वैदिक ऋचाओं से आहुति दिलवाकर यज्ञ संपन्न करवाया। प्रमोद शास्त्री ने बताया कि यज्ञ हमारी संस्कृति का आधार है, आदिकाल से यज्ञ करने व करवाने की भारतीय परंपरा रही है। प्राचार्य ने कहा कि इस यज्ञ वेदी के पास बैठकर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हमारा प्रत्येक कार्य राष्ट्रहित को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए।


**देशभक्त नागरिक बनें**

सर्वप्रथम हम सब राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत देशभक्त नागरिक बनें। आप मानव मात्र के लिए जो हितकर हो वह ज्ञान प्राप्त करके अपना व अपने देश का गौरव बढ़ाने का काम करने वाले हों। आचार हीनं न पुन्नति वेदाः इसलिए हमें संस्कार युक्त, सदाचारी, कर्तव्य निष्ठ बनना चाहिए। इस हवन में विद्यालय का समस्त स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सिल्वर जोन ओलंपियाड में गुरुकुलम स्कूल का रहा शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

सिल्वर जोन ओलंपियाड में गुरुकुलम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों का दबदबा रहा है। स्कूल के 12 विद्यार्थियों ने गोल्ड, आठ ने रजत व कांस्य पदक जीतकर संस्था का गौरव बढ़ाया है। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को खंड शिक्षा अधिकारी विकास जयदीप ने प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के चेयरमैन अभय सिंह गुर्जर ने की है। ओलंपियाड में स्कूल के 30 छात्रों ने पंजीकरण कराया था। जिनमें तीसरी कक्षा की छात्रा तन्वी कुमारी, संतोष, केयांश कुमार, कुमारी पायल, केशव, कुमारी अंशु, मनीष, जिया कुमारी, लोकेश, वर्षा कुमारी, हर्ष कुमार, मोहित कुमार ने गोल्ड मेडल जीतकर ब्लॉक का नाम रोशन किया है। मनुराज, पूजा, गुंजन, लोकेश, मोना कुमारी ने रजत पदक, चेतन कुमार, विजय सिंह, पायल ने कांस्य पदक पर कब्जा किया।


नांगल चौधरी। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करते बीईओ विकास जयदीप।

### दानदाताओं ने की प्रवेश उत्सव की शुरुआत

**नारनौल।** ऋतिक पुत्र हरदीप सिंह की चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर हरदीप पुत्र सुरेश चंद व कुलदीप ने दोनों स्कूलों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुंडिया खेड़ा व राजकीय प्राथमिक पाठशाला मुंडिया खेड़ा में सत्र 2026-27 में पढ़ने वाले बच्चों के लिए पठन सामग्री वितरित की गई। प्राथमिक पाठशाला की मुख्य शिक्षिका तृप्ता यादव, मास्टर विकास ने भी कक्षा बाल वाटिका से कक्षा पांचवीं तक वार्षिक परीक्षा परिणाम में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ईनाम वितरित किए गए।

प्राचार्य छोटे लाल व स्टॉफ ने कक्षा छठी में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को तिलक लगाकर और गुलाब का फूल देकर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुंडिया खेड़ा में पहुंचने पर स्वागत किया गया।

## विजय इंटरनेशनल स्कूल में हवन के साथ नए सत्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

विजय इंटरनेशनल स्कूल बलाना में हवन यज्ञ के साथ नए सत्र का शुभारंभ किया गया। भारतीय संस्कृति के अनुसार मंत्रोचार के बीच आयोजित इस यज्ञ में विद्यार्थियों और स्टाफ ने आहुति देकर वातावरण को सुगंधित और पवित्र बनाया। विद्यालय सेक्रेटरी महेंद्र सिंह, उनकी पत्नी रामकला देवी, चेयरमैन विजय यादव टूमना और उनकी पत्नी नीतू यादव मौजूद रहे। प्राचार्य नत्थूसिंह, वाइस प्रिंसिपल अशोक कासनी, एकेडमिक हैड और समस्त स्टाफ ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। प्रिंसिपल नत्थूसिंह ने बताया कि हवन भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो मानसिक मजबूती और वातावरण की शुद्धता में सहायक होता है। चेयरमैन विजय यादव टूमना ने कहा कि हवन से नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होकर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और वातावरण में मौजूद हानिकारक जीवाणुओं का विनाश होता है। विद्यालय चेयरमैन ने कहा कि वे हमेशा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें और कड़ी मेहनत के बल पर उत्कृष्ट परिणाम दें। अभिभावकों को विश्वास दिलाया कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर है। इस अवसर पर पढ़ाई के साथ-साथ कोचिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यक्रम का समापन सभी बच्चों और स्टाफ मेंबर्स के धन्यवाद के साथ हुआ।


महेंद्रगढ़। विद्यालय में हवन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## हैप्पी स्कूल के दो छात्र आरबीआई में मैनेजर पद पर चयनित

- राष्ट्रीय स्तर पर 75 विद्यार्थियों का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल दो होनहार पूर्व छात्र पंकज अरोड़ा और कमल टांक का चयन भारतीय रिजर्व बैंक में मैनेजर पद पर हुआ। इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी की लहर हैं। पंकज अरोड़ा पुत्र मनोहर लाल तथा कमल टांक पुत्र रमेश टांक दोनों ही विद्यालय के नियमित और मेधावी छात्र रहे हैं। अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर उन्होंने यह प्रतिष्ठित सफलता हासिल की है। विद्यालय प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल, मैनेजर चंचल अग्रवाल तथा प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल ने दोनों छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है, बल्कि विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मार्गदर्शन का भी प्रतिफल है।

विद्यालय के लिए यह गौरव का विषय है क्योंकि राष्ट्रीय स्तर पर यदि देखा जाए तो 75 विद्यार्थियों का चयन इसमें हुआ, जिसमें दो विद्यार्थी महेंद्रगढ़ के हैप्पी विद्यालय के हैं। विद्यालय संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल एवं उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल ने कहा कि पंकज और कमल ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और प्रयास निरंतर हो, तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।



महेंद्रगढ़। मैनेजर के पद पर चयन होने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## नायन में निकाली नामांकन रैली

- गांव के गली-मोहल्लों से होती हुई वापस स्कूल परिसर में पहुंची रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नायन में बुधवार प्रातःकालीन प्रार्थना सभा उपरांत एक नामांकन जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें शिक्षक और विद्यार्थी शामिल हुए। यह रैली गांव के गली-मोहल्लों से होती हुई वापस स्कूल परिसर में पहुंची। इस रैली को स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान हेतराम रावत व प्राचार्य डॉ. महेन्द्रपाल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल विद्यार्थियों, एसएमसी सदस्यों व पंचायत प्रतिनिधियों ने अभिभावकों तथा ग्रामवासियों से निवेदन किया गया कि विद्यालय में कक्षाएं शुरू हो गई हैं। वे अपने बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन करवाकर सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाएं। गांव में शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाओं के फ्लेक्स/बैनर भी वितरित किए गए।


नारनौल। नामांकन रैली को रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**ये हुए शामिल**

नामांकन जागरूकता रैली में एसएमसी प्रधान हेतराम रावत, सुभाष नेताजी, विक्रम रावत, सीताराम रावत, दयाल दास सहित गांव के गणमान्य नागरिकों के अतिरिक्त सुरेन्द्र सिंह एबीआरसी, नीतू यादव, आरती यादव, रीना यादव, ईश्वर सिंह, जगदीश प्रसाद, मनोज सिंह, जसवंत सिंह, सुखदेव देवी, सुंदर लाल, सुभाष, पवन कुमार, सुदेश देवी, अमित कुमार आदि के अलावा सभी प्राध्यापक/अध्यापक शामिल रहे।


नारनौल। बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### राजकीय स्कूल जैलाफ में बस सुविधा शुरू

- गांवों से आने वाले छात्रों को मिलेगा लाभ

**नारनौल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जैलाफ में प्राचार्य लोकेश कुमार के दिशा निर्देशन में निजी स्कूलों की भांति आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से सरकारी विद्यालय जैलाफ में पढ़ने वाले बच्चों के लिए बस परिवहन सुविधा की व्यवस्था की गई है। इसमें गांव चिंडालिया, बापडोली, मोहनपुर, डोहर, जाखनी, खटौटी आदि गांवों से आने वाले छात्रों को लाभ मिलेगा। इससे छात्रों के समय की बचत के साथ सुरक्षा व आने जाने में सुविधा होगी। इससे दिव्यांग छात्रों को सुविधा मिलेगी। प्राचार्य ने बताया कि इससे बच्चों का विद्यालय में नामांकन बढ़ेगा।

**राजकीय प्राथमिक पाठशाला**
मोहनपुर (15033) खण्ड नांगल चौधरी, जिला महेंद्रगढ

**नीलामी सूचना**

रा.प्रा.पा. मोहनपुर खण्ड नांगल चौधरी, महेंद्रगढ के जर्जर एक कमरा व रसोईघर की खुली बोली द्वारा नीलामी दिनांक 17.04.2026 को प्रातः 10 बजे स्कूल प्रांगण में की जाएगी। प्रत्येक बोली दाता को धरोहर के रूप में 10000 रूपए नीलामी के दिन स्कूल मुखिया के पास जमा करवाने होंगे। नीलामी की शर्तें मौके पर बताई जाएगी। स्कूल कमेटी का फैसला अन्तिम होगा।

मुख्य शिक्षक एवं एसएमसी
रा.प्रा.पा. मोहनपुर
मो. 8307844845, 9416779004



### बीआर विद्यालय में हनुमान जयंती मनाई

**महेंद्रगढ़।** गांव सुरजनवास स्थित बीआर ज्ञानदीप विद्यालय में हनुमान जयंती मनाई गई। इस दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल हनुमान की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण से की गई। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ तथा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने हनुमान के जीवन से प्रेरित नाटक एवं भाषण प्रस्तुत किए, जिनमें उनकी शक्ति, भक्ति, निष्ठा एवं सेवा भाव का संदेश दिया गया। इस दौरान चित्रकला एवं श्लोगन लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने भगवान हनुमान के विभिन्न स्वरूपों को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया। प्राचार्य रामबीर यादव ने कहा कि हनुमान जी हमें निस्वार्थ सेवा, अनुशासन एवं समर्पण की प्रेरणा देते हैं, जिसे हमें अपने जीवन में अपनाना चाहिए। विद्यालय चेयरमैन रूपराम यादव ने भी अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को अच्छे संस्कारों एवं नैतिक मूल्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

## हकेंवि के एनसीसी कैडेट्स को मिला सशस्त्र बलों में करियर का मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय कैडेट कोर एनसीसी इकाई द्वारा सशस्त्र बलों में करियर के अवसर चुनौतियां और संभावनाएं विषय पर एक प्रेरणादायक इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय वायु सेना के विंग कमांडर अजीत कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ लेफ्टिनेंट रमेश कुमार एएनओ द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत से हुआ। कार्यक्रम में कुल 24 एनसीसी कैडेट्स ने सक्रिय भागीदारी की।

विंग कमांडर अजीत कुमार ने सशस्त्र बलों को युवाओं के लिए उत्कृष्ट और सम्मानजनक करियर विकल्प बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना न केवल देश सेवा का अवसर प्रदान करती हैं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और आत्मविश्वास जैसे गुणों का भी विकास करती हैं। रक्षा सेवाओं में शामिल होने के लिए एनडीए, सीडीएस, एएफसीएटी जैसे मल्टीपल एंट्री उपलब्ध हैं, जिनके माध्यम से युवा अपनी योग्यता और रुचि के अनुसार सेना में करियर बना सकते हैं। विंग कमांडर अजीत कुमार ने सशस्त्र बलों के जीवन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस सेवा में न केवल रोमांच और सम्मान है, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में सीखने और आगे बढ़ने के अनेक अवसर भी मिलते हैं।

एनसीसी गतिविधियां और विभिन्न प्रशिक्षण शिविर युवाओं में ऑफिसर लाइक क्वालिटीज विकसित करते हैं, जो सेवा चयन बोर्ड (एसएसबी) की तैयारी के साथ-साथ जीवन के हर क्षेत्र में सहायक सिद्ध होती हैं। विंग कमांडर अजीत कुमार ने एसएसबी साक्षात्कार की प्रक्रिया, चयन के विभिन्न चरणों तथा उसकी तैयारी के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कैडेट्स के प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्हें नियमित अभ्यास, सकारात्मक कार्यक्रम के अंत में प्रो. पायल चंदेल ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रो. नरेश, प्रो. अजयपाल सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक उपस्थित रहे।


महेंद्रगढ़। इंटरएक्टिव सत्र में प्रतिभागिता करने वाले एनसीसी कैडेट्स शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

**Govt Sr. Sec. School Akbarpur (3855)**
Teh & Block Nangal Choudhary Distt. Mahendergarh

नीलामी सूचना

रा.व.मा.वि. अकबरपुर खण्ड नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ के जर्जर भवन के कमरों एवं बरामदे को तोडने एवं पुराने सामान की नीलामी खुली बोली द्वारा 20 अप्रैल 2026 सोमवार को प्रातः 10 बजे स्कूल प्रांगण में लगाई जाएगी। इच्छुक बोलीदाता को 10 हजार रूपए की राशि सिक्योरिटी स्वरूप स्कूल मुखिया क पास जमा करानी होगी। बोली की शेष शर्तें मौके पर बता दी जाएगी। स्कूल कमेटी का फैसला अंतिम रहेगा।

प्राचार्य एवं एसएमसी
रा.व.मा.वि. अकबरपुर (3855) खण्ड नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ
संपर्क : 9416368798 Email : pplgsssakbarpur@gmail.com

**THE MAHENDRGARH CO. OP. MKTG. CUM PROCESSING SOCIETY LTD. MAHENDRGARH**
RAILWAY ROAD MAHENDERGARH- 123029 (HARYANA)
Ref. No. CMS M/GARH/2025-26/SPL-4 Dated. 02-04-2026

**सार्वजनिक सूचना**

आमजन / सभी समिति सदस्यों को सूचित किया जाता है की दी महेंद्रगढ़ सहकारी विपणन समिति लि० महेंद्रगढ़ के निदेशक मंडल की अवधि दिनांक 04.10.2025 को समाप्त हो चुकी है। समिति के निदेशक मंडल के चुनाव हेतु समिति के 6 जोन निश्चित किये गए है तथा समिति की वोटर लिस्ट तैयार की जा चुकी है जोकि समिति की जोनल कमेटी द्वारा अस्थाई रूप से अनुमोदित की जा चुकी है अनुमोदित वोटर लिस्ट का प्रदर्शन दिनांक 03.04.2026 से 18.04.2026 तक निम्नानुसार स्थानों पर किया जा रहा है।

1. कार्यालय दी महेंद्रगढ़ सहकारी विपणन समिति लि. महेंद्रगढ़ में
2. कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां महेंद्रगढ़ में
3. कार्यालय उप-रजिस्ट्रार सहकारी समितियां भिवानी में
4. कार्यालय दी महेंद्रगढ़ जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक लि., रेलवे रोड महेंद्रगढ़ में

यदि मतदाता सूचियों के सम्बन्ध में कोई अपत्ति हैं तो आपत्तियां प्रबंधक दी महेंद्रगढ़ सहकारी विपणन समिति लि० महेंद्रगढ़ को दिनांक 20.04.2026 व 21.04.2026 सायं 5 बजे तक कार्य दिवसों में प्रबंधक के समक्ष प्रस्तुत की जा सकती है, 21.04.2026 सायं 5 बजे के बाद कोई भी आपतियां स्वीकार नहीं की जाएंगी।

**हस्ता/- प्रबंधक, दी महेंद्रगढ़ सहकारी विपणन समिति लि. महेंद्रगढ़**

## खबर संक्षेप



कनीना। हवन में भाग लेते पावर हाउस कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### हनुमान जन्मोत्सव पर जगह-जगह हवन-भंडारा

**कनीना।** हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में चैत्र सुदी पूर्णिमा को 132 केवी पावर ग्रिड सब स्टेशन में 15वें भंडारे का आयोजन किया गया। बिजली निगम के जेई रामरतन शर्मा ने बताया कि सुबह सवा आठ बजे हवन, सवा 10 बजे भंडारा प्रारंभ किया गया। बिजली कर्मचारियों की ओर से करीब 15 क्विंटल चीनी के लड्डू का प्रसाद तैयार किया गया था।

### 5 को खतरीपुर में बाबा दाढ़ी वाला का भंडारा

**मंडी अटेली।** गांव खत्तरीपुर में 5 अप्रैल को बाबा दाढ़ी वाला का भव्य भंडारा आयोजित किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन को लेकर गांव में उत्साह का माहौल बना हुआ है। दिनेश बाबूजी ने बताया कि भंडारे का आयोजन सूबेदार कंवल सिंह यादव द्वारा करवाया जा रहा है।



नारनौल। हनुमान जयंती पर हवन करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### खान वाले मंदिर में हवन आयोजित

नारनौल। गांव ढाणी बाठोठा स्थित खान वाले हनुमान जी के मंदिर में हनुमान जयंती के पावन अवसर पर श्रद्धा व भक्ति के साथ भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधिविधान के साथ हवन यज्ञ संपन्न करवाया गया। जिसमें गांव के अनेक श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान भगवान हनुमान का विशेष श्रृंगार किया गया तथा उन्हें छप्पन भोग अर्पित किया गया। हवन के उपरांत उपस्थित ग्रामीणों को प्रसाद वितरित किया गया।

*आरोही स्कूल मंढाणा ने फिर बढ़ाया जिले का मान, प्रदेश में रहा प्रथम*

# शिक्षा बोर्ड करेगा आरोही स्कूल मंढाणा के अध्यापकों को सम्मानित

- 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में स्कूल के छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से 27 मार्च को जारी पत्र के अनुसार आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंढाणा ने अपनी पिछले वर्षों की उपलब्धियां को दोहराते हुए एक बार फिर समस्त हरियाणा के राजकीय मान्यता प्राप्त विद्यालयों में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम मार्च 2025 में प्रदेश भर में पहला स्थान प्राप्त किया है।

इसके साथ-साथ हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित सेकेंडरी परीक्षा मार्च 2025 में भी आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंढाणा ने अपने पुराने प्रदर्शन को दोहराते हुए फिर से एक बार पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी विद्यालय के प्राचार्य लीलूराम यादव व कक्षा 10वीं और 12वीं को पढ़ाने वाले सभी प्राध्यापकों को सम्मानित करेगा। जिसके लिए बोर्ड द्वारा सभी प्राध्यापकों के नाम मांगे गए हैं।



नारनौल। आरोही स्कूल के विद्यार्थी व स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

इसके साथ-साथ विद्यालय की छात्रा भूमिका पुत्री सुभाष चंद्र गांव नांगल चौधरी ने कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम मार्च 2025 में विज्ञान संकाय में जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है।

छात्रा करिश्मा पुत्री गोविंद सिंह गांव नांगल चौधरी ने वाणिज्य संकाय में जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है, छात्रा दिव्या पुत्री राजेंद्र सिंह गांव नांगल ने 10वीं में जिला स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया है। वहीं 12 जुलाई 2025 को पंचकूला के इंद्र धनुष सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने छात्रा भूमिका पुत्री सुभाष चंद्र को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया था।

### सीएम ने किया था छात्रा को सम्मानित

19 फरवरी 2026 को जींद में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने छात्रा दिव्या पुत्री राजेंद्र सिंह को 21000 का नगद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया था। जिला शिक्षा अधिकारी विश्वेश्वर व खंड शिक्षा अधिकारी विकास जयदीप के मार्गदर्शन में चल रहे आरोही मॉडल स्कूल मंढाणा के प्राचार्य, प्राध्यापकों व विद्यार्थियों को इस उपलब्धि के लिए सरपंच ग्राम पंचायत मंढाणा लीलाराम यादव ने शुभकामनाएं दी। इससे पहले भी गांव मंढाणा का आरोही मॉडल स्कूल पांच बार प्रदेश स्तर पर परीक्षा परिणाम में पहला स्थान प्राप्त कर चुका है तथा विद्यालय के छात्र नीट व आईआईटी में हर वर्ष सफल हो रहे हैं। प्राचार्य लीलूराम यादव ने बताया कि इस उपलब्धि में विद्यालय के समस्त अध्यापकों का मार्गदर्शन व विद्यार्थियों की कठोर मेहनत का बहुत अधिक योगदान रहा है। विद्यालय में इस खुशी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसएमसी प्रधान रजनीकांत व एसएमसी सदस्यों ने प्राचार्य, अध्यापकों, विद्यार्थियों व अभिभावकों को बधाई दी। इस मौके स्टाफ सदस्य मुकेश कुमारी, नीलम रानी, सीमा कुमारी, निशा यादव, डॉ. पूनम, डॉ. ज्योति सैनी, मनीषा, डॉ. कुसुम लता, राजपाल चंदेला, अशोक बडेसरा, नितेश कुमार, सतवीर शर्मा, कुलदीप सिंह, सुषमा शर्मा, संजु, आशा यादव, आशा देवी, बजरंग लाल, इंद्रपाल, मुकेश कुमार, गुलाब सिंह, करतार वर्मा, मधु यादव, सुनील आदि उपस्थित रहे।

## अटेली में चाय पर चर्चा कार्यक्रम में पहुंचीं आरती राव

*स्वास्थ्य और विकास कार्यों की दी जानकारी*

# नारनौल में जल्द बनेगा 300 बेड का अत्याधुनिक अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

अटेली में आयोजित चाय पर चर्चा कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने शिरकत कर अटेली में लोगों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उनका ढोल-नगाड़ों और जेसीबी से फूल वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। वीरवार को स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव रेवाड़ी से चलकर सबसे पहले माजरा गांव पहुंची, जहां उन्होंने शहीद सिद्धार्थ अमर वाटिका का उद्घाटन किया। इसके बाद वह अटेली नगर पालिका के वाइस चेयरमैन रामकिशन जागड़ा के निवास पर पहुंची और लोगों को संबोधित किया।

तत्पश्चात अटेली नगरपालिका के चेयरमैन संजय गोयल के निवास पर आयोजित चाय पर चर्चा कार्यक्रम में भाग लेते हुए शहर व क्षेत्र के लोगों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ महीने से चंडीगढ़ में विधानसभा सत्र के चलते व्यस्तता रही। हाल ही में पेश बजट में मुख्यमंत्री द्वारा हेल्थ सेक्टर के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं, जिनका लाभ आमजनता को मिलेगा।

उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परियोजनाएं शुरू की गई हैं। फर्स्ट रेफरल यूनिट, ब्लड स्टोरेज व्यवस्था को मजबूत किया गया है। वहीं नारनौल सिविल अस्पताल का रुका हुआ कार्य दोबारा शुरू करवाया जा रहा है। नारनौल में सीटी स्कैन और एमआरआई जैसी आधुनिक मशीनें लगवाई गई हैं। जल्द ही नारनौल में 300 बेड का अत्याधुनिक अस्पताल तैयार करवाया जाएगा, जिससे लोगों को निजी अस्पतालों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पूरे हरियाणा में आयुष्मान कार्ड के माध्यम से लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। अटेली क्षेत्र में भी विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। अटेली में पीडब्ल्यूडी सड़क के साथ लगते नाले का लगभग चार करोड़ रुपये से निर्माण कराया जा रहा है। इसके अलावा एक करोड़ रुपये की लागत से अंबेडकर पार्क का निर्माण किया जा रहा है। बीते एक वर्ष में अटेली मार्केट कमेटी में करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये से सड़क और नालों के कार्य करवाए गए हैं।

कुछ समय पहले लोगों को यह भ्रम फैलाया जा रहा था कि वह जनता से नहीं मिलेगी, लेकिन अब यह गलतफहमी दूर हो चुकी है और वह लगातार क्षेत्रवासियों के बीच रहकर उनकी समस्याएं सुन रही हैं। स्वास्थ्य सेवाओं पर बोलते हुए उन्होंने बताया कि अटेली क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ किया गया है। महिलाओं के लिए बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता रही है। क्षेत्र में विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती सुनिश्चित की गई है। अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोग निजी अस्पतालों का रुख करते हैं। इसलिए सरकार का प्रयास है कि सरकारी अस्पतालों में ही बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं, ताकि लोगों को महंगे इलाज के लिए बाहर न जाना पड़े।






मंडी अटेली। स्वास्थ्य मंत्री का पगड़ी पहनाकर स्वागत करते चेयरमैन संजय गोयल व कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### 54 नए सब सेंटर बनेंगे

महेंद्रगढ़ जिले में कुल 54 नए सब सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें से 10 से अधिक अटेली क्षेत्र में हैं। विकास कार्यों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि नगर पालिका द्वारा करीब दो करोड़ रुपये की लागत से अंबेडकर भवन का निर्माण किया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में भी पहल करते हुए पुरानी मंडी में आधुनिक लाइब्रेरी का निर्माण कराया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों और युवाओं को बेहतर अध्ययन सुविधाएं मिल सकेंगी।

### ये रहे मौजूद

मौके पर स्वास्थ्य मंत्री के निजी सचिव विकास यादव, गोविंद गोस्वामी, पूर्व प्रदेश सचिव मनीष मित्तल, अटेली मार्केट कमेटी के चैयरमैन दिनेश जेलदार, अटेली मार्केट कमेटी के वाईस चेयरमैन राधेश्याम, भाजपा नेता इंद्रजीत यादव, ग्रीवेंस कमेटी सदस्य विजय उर्फ सोनू, पूर्व जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, सतवीर सुजापुर, मूलसिंह चौहान, एडवोकेट सुरेश, जसवंत, सतीश डीएसपी, ओमप्रकाश, घनश्याम शर्मा, मनोज सेकवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण शर्मा, एसडीओ अमित सोनी, विक्रम सरपंच रामपुरा, भूपेश गुप्ता, छाजूराम, समाजसेवी तेजप्रकाश, प्रदीप तिगरा आदि मौजूद थे।



मंडी अटेली। आरती राव को गदा भेंट कर सम्मानित किया। फोटो : हरिभूमि

### अटेली वाइस चेयरमैन के कार्यालय में आरती राव का स्वागत

**मंडी अटेली।** स्वास्थ्य मंत्री आरती राव का जांगड़ा विश्वकर्मा समाज एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा नगर पालिका अटेली के वाइस चेयरमैन रामकिशन जांगड़ा के प्रतिष्ठान पर आयोजित समारोह में सम्मान किया गया। इस मौके पर पुष्प वर्षा की गई। वाइस चेयरमैन रामकिशन जांगड़ा, पार्षद प्रतिनिध आनंद शर्मा, अंशुल, मनफूल, डॉ. आरके जांगड़ा विश्वकर्मा, शिवचंद्र जांगड़ा, अशोक जांगड़ा द्वारा पगड़ी, हनुमान की गद्दा, अंग वस्त्र चुनरी और पुष्प गुच्छ भेंटकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने हनुमान की गदा को लहरा कर उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया। समारोह में स्वास्थ्य मंत्री आरती राव को जांगड़ा सभा के पदाधिकारियों द्वारा मांगपत्र भेंट कर टेक्निकल साइंस के आविष्कारक भगवान विश्वकर्मा कौशल रीजनल शैक्षणिक सेंटर हेतु एक एकड़ भूमि उपलब्ध करवाने, भगवान विश्वकर्मा चौक, भगवान विश्वकर्मा सेतु बनाने हेतु मांगपत्र सौंपकर मांग की गई। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका विकास यादव, मार्केट कमेटी चेयरमैन दिनेश जेलदार, वाइस चेयरमैन मार्केट कमेटी राधेश्याम, वरिष्ठ भाजपा नेता मनीष मित्तल, पूर्व जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार, हरपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष विधानसभा अटेली मनजीत सिंह, चेयरमैन मार्केट कमेटी नारनौल बाबूलाल यादव, चेयरमैन जेपी कोटिया कनीना, भूपेश गुप्ता, शमशेर पार्षद, दीपक पार्षद, अरविंद सेठ, आशीष जांगिड़ आदि उपस्थित थे।

### खराब हुई फसलों का मुआवजा दे सरकार: ओमप्रकाश

**नारनौल।** प्रकृति से किसान त्रस्त हैं। बेमौसमी बारिश एवं ओलावृष्टि ने फसलें खराब कर दी हैं। इसलिए सरकार किसानों को उचित मुआवजा दे। उक्त मांग हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति के प्रदेश सचिव ओमप्रकाश माण्डैया ने कहा कि हिसार, भिवानी, रेवाड़ी, महेन्द्रगढ़ सहित अनेक जिलों में ओलावृष्टि से भारी नुकसान हुआ है। प्रदेश सरकार प्रदेश के ओलावृष्टि से प्रभावित सभी किसानों को उचित मुवावजा दे। बेमौसमी भारी बारिश व ओलावृष्टि के साथ ही तेज हवाओं से प्रदेश की गेहूं, सरसों व सब्जी की तैयार फसल को भारी क्षति हुई है। गेहूं और सरसों की फसल की तो कटाई चल रही थी। ऐसे में हुई ओलावृष्टि ने किसानों पर वज्रपात किया है, नियति के कुचक्र में फंसे अन्नदाताओं के लिए यह एक कठिन व क्रूर समय है।

# कन्या के जन्म पर किया कुआं पूजन

## नांगल गांव में हुआ कार्यक्रम, भोज का भी आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

अटेली क्षेत्र के गांव नांगल में कन्या जन्म पर वीरवार कुआं पूजन किया गया। इस दौरान परिजनों ने परिवार, रिश्तेदार और परिचितों को भोज भी करवाया। नवजात कन्या के पिता सुनील कुमार व माता निशा ने बताया कि छह मार्च को लक्ष्मी के रूप में उनके यहां कन्या ने जन्म लिया। घर में कन्या को पाकर पूरा परिवार खुश है।

अब वह समय गया जब लड़कियों को अभिभावक बोझ समझते थे। अब समय बदल गया है। लड़कों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़कियां आगे बढ़ रही है। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जहां लड़कों की भागीदारी हो और वहां लड़कियां पीछे हो। समाजिक तौर पर इस बदलाव को अभिभावक सकारात्मक पहलु के तौर पर देख रहे है और जिस तरह लड़के के जन्म पर रश्मे निभाई जाती है, उसी तर्ज पर लड़कियों को भी पूरा मान सम्मान दिया जाने लगा है।

अभी समाज में ओर बदलाव की जरूरत है। वह समय के हिसाब से युवा पीढ़ी आगे बदलाव करती रहेगी। कार्यक्रम में कन्या के दादा सत्यवीर व दादी संतरा ने भी खुशी जाहिर की। इस मौके पर सतवीर, सुभाष, बिजेंद्र, रामनिवास, अमरसिंह, प्रवीण, नीरज और नवनीत सहित सैकड़ों लोग खुशी में शामिल हुए।



नारनौल। कन्या जन्म पर कुआं पूजन करतीं महिलाएं। फोटो : हरिभूमि




महेंद्रगढ़। हकेंवि भवन। फोटो : हरिभूमि

### हकेंवि में दूरस्थ पाठ्यक्रम के लिए दाखिला पंजीकरण 10 अप्रैल तक

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में ओपन डिस्टेंस लर्निंग पहल के अंतर्गत तीन डिस्टेंस पाठ्यक्रम एमए जर्नलिज्म एंड मास कम्यूनिकेशन, एमए हिंदी व एमकॉम में दाखिले के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 अप्रैल कर दी गई है। विश्वविद्यालय में ये तीनों पाठ्यक्रम डिस्टेंस एजुकेशन ब्यूरो डीईबी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी के दिशा-निर्देशों के अनुसार ओपन डिस्टेंस प्रोग्राम के अंतर्गत उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग द्वारा उच्च शिक्षा की पहुंच को व्यापक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे विभिन्न पृष्ठभूमि के विद्यार्थी बिना भौगोलिक बाधाओं के अपने शैक्षणिक एवं व्यावसायिक लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। हकेंवि में सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन के निदेशक प्रो. सिंगारा सिंह ने बताया कि सभी उपलब्ध पाठ्यक्रमों के लिए सेल्फ लर्निंग मेटिरियल विश्वविद्यालय के शिक्षकों व अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के शिक्षकों द्वारा तैयार किया गया है। ये पाठ्यक्रम विकल्प आधारित क्रेडिट सिस्टम सीबीसीएस उद्योग उन्मुख विशेषता व नियमित उपाधि के समतुल्य हैं। साथ ही इन पाठ्यक्रमों में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को शिक्षा शुल्क से छूट प्राप्त है।

# अधिकारियों से मुलाकात कर चुनाव प्रक्रिया पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज. महेंद्रगढ़

शहर के डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मारक समिति के वर्ष 2026 में हुए चुनावों को लेकर विवाद सामने आया है। वीरवार को आयोजित स्थानीय समस्या समाधान शिविर में समाज के एक पक्ष ने प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात कर चुनाव प्रक्रिया पर अपनी आपत्तियां दर्ज करवाईं। शिकायतकर्ताओं ने आरटीआई से प्राप्त दस्तावेजों का हवाला देते हुए वर्तमान चुनाव और सदस्यता सूची में अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। शिविर में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों को सौंपे मांग पत्र में चुनाव प्रक्रिया की वैधता पर कई सवाल खड़े किए।

एक पक्ष का आरोप है कि सदस्यता रजिस्टर और चुनाव के लिए तैयार वोटर लिस्ट के आंकड़ों और पतों में भिन्नता है। साथ ही, कुछ सदस्यों के फॉर्म पर फोटो और पहचान पत्र जैसे अनिवार्य दस्तावेजों की कमी बताई गई है। शिकायत में कहा गया है कि कई सदस्यों की फीस व्यक्तिगत चेक या डीडी के बजाय सीधे ट्रांसफर की गई है, जो संस्था के नियमों के अनुकूल नहीं है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि जिला रजिस्ट्रार कार्यालय द्वारा सूची के सत्यापन में कुछ तकनीकी पहलुओं की अनदेखी की गई है। मांग पत्र सौंपने वाले सदस्यों में मा. सतबीर झगडोली, सतीश कुमार, जिले सिंह प्राचार्य, किशन लाल जेई, ब्रहमदत्त बाबू, अनिल कुमार, ब्रजलाल, अतर सिंह रंगा ने प्रशासन से आग्रह किया है कि पूरे मामले की बारीकी से जांच की जाए।



महेंद्रगढ़। एसडीएम से मुलाकात करते हुए। फोटो : हरिभूमि




नारनौल। हनुमान जयंती पर केक काटते हुए। फोटो : हरिभूमि

### हनुमान जी का चरित्र विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोतः डॉ. संजय शर्मा

**नारनौल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में समर्पण, निष्ठा व आदर्श के प्रतीक हनुमान जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। विद्यालय के प्रवक्ता विजयपाल यादव व महेंद्र सिंह यादव ने बताया कि इस अवसर पर बच्चों ने केक काटकर उत्सव मनाया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राजनीति विज्ञान प्रवक्ता डॉ. संजय शर्मा रहे, जबकि अध्यक्षता प्राचार्या सीमा यादव ने की। प्राचार्या सीमा यादव ने कहा कि अपार शक्तियों के बावजूद हनुमान जी ने कभी अहंकार नहीं किया। मुख्य वक्ता डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि हनुमान जी का चरित्र छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन, विनम्रता, बुद्धिमत्ता और समर्पण जैसे गुण विकसित हो जाएं, तो वे किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर प्रवक्ता आशा शर्मा, ऋषि कुमार डीपीई, रोहतास, सचिन आदि मौजूद थे।

## 12 करोड़ रुपये का आएगा खर्च, वर्षों से परेशानी झेल रहे लोग, देवनगर व भांडोर के बीच बनाई जा रही पुलिया

*खराब मार्ग पर हो चुके कई हादसे*

# महेंद्रगढ़-अटेली मार्ग का 90 प्रतिशत कार्य पूरा आवागमन होगा सुगम, पुलिया का कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

क्षेत्र की जनता के लिए राहत की खबर है। वर्षों से बदहाली का दंश झेल रहे महेंद्रगढ़-अटेली मार्ग के नवनिर्माण का कार्य अब अपने निर्णायक दौर में पहुंच गया है। लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से बन रही इस सड़क का 90 प्रतिशत हिस्सा पूरा कर लिया गया है। मार्ग बनने से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक और शैक्षणिक विकास को भी नई गति मिलेगी।

बता दें कि महेंद्रगढ़ से अटेली मार्ग के हालात आधे दशक से भी अधिक समय से खराब चले आ रहे थे। अटेली के लोग तो इस मार्ग की खराब हालात के चलते लोग लंबी दूरी तय करके नारनौल से होकर आवागमन करने को मजबूर हो रहे थे। खराब हालात के कारण मार्ग पर कई हादसे भी हो चुके थे। अब इस महत्वाकांक्षी परियोजना का कार्य बीते नवंबर माह में शुरू किया गया था, जिसे पूरा करने के लिए एक वर्ष का लक्ष्य निर्धारित किया गया।

### क्या कहते हैं जेई

इस विषय में विभाग के जेई अनिल कुमार के अनुसार महेंद्रगढ़ से कलवाड़ी का करीब 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य भी शीघ्र पूरा होगा। निर्धारित समय में कार्य पूरा कर लिा जाएगा। गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जा रहा है।



महेंद्रगढ़। देवनगर व भांडोर के बीच बनाई जा रही पुलिया। फोटो : हरिभूमि

### जलभराव के संकट से मिलेगी मुक्ति

इस सड़क निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण और विशेष बात देवनगर व भांडोर के बीच दोहान नदी के बहाव क्षेत्र पर एक विशेष पुलिया का निर्माण है। गौरतलब है कि पिछले कई वर्षों से मानसून के दौरान जब भी दोहान नदी में पानी छोड़ा जाता था, तो सड़क पर दो से चार फुट तक पानी जमा हो जाता था। इससे न केवल यातायात बाधित होता था, बल्कि राहगीरों और वाहन चालकों की जान पर भी बन आती थी। अब यहां आधुनिक तकनीक से पुलिया बनाई जा रही है, जिससे इस बार बरसात के मौसम में पानी सड़क के ऊपर न आकर नीचे से गुजरेगा और आवागमन पूरी तरह सुरक्षित रहेगा। इसका कार्य भी लगभग 85 प्रतिशत हो चुका हैं।

### मार्ग का दो चरणों में हो रहा निर्माण

विभाग ने निर्माण कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए इसे दो मुख्य भागों में विभाजित किया है। प्रथम चरण महेंद्रगढ़ से कलवाड़ी तक का मार्ग है। इस हिस्से की जिम्मेदारी महेंद्रगढ़ लोक निर्माण विभाग के पास है। अब तक 90 प्रतिशत सड़क बनकर तैयार हो चुकी है। द्वितीय चरण कलवाड़ी से अटेली तक है। यह हिस्सा नारनौल उपमंडल के अधीन आता है। इसका कार्य भी लगभग 90 प्रतिशत हो चुका हैं।